


नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025


# डायल 112 बुलाने पर मिलेगी पुलिस और एंबुलेंस की सुविधा

## पुलिस अधीक्षक ने पूजा अर्चना कर थानों के लिए की रवाना, गाड़ियों का शहर में निकला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस द्वारा सर्व सुविधा से युक्त डायल 112 की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसमें लोगों को पुलिस सहायता से लेकर मरीज को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था रहेगी। पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए डायल 112 सेवा के तहत जिले में 15 नए वाहनों को शामिल किया गया है। जिनमें 8 स्कॉर्पियो और 7 बोलेरो शामिल हैं। इन गाड़ियों को जिले में विभिन्न थानों को दी गई है, जिनमें कोतवाली, देहात, चंदेरी और मुंगावली को दो-दो वाहन मिले हैं। वहीं शेष थानों को एक-एक वाहन मुहैया कराए गए है। शहरी क्षेत्र के लिए जहां स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों में बोलेरो गाड़ी तैनात की गई हैं। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने पुलिस लाइन में वाहनों की विधिवत पूजा अर्चना की गई और उसके बाद इन्हें रवाना किया



गया। वहीं सभी गाड़ियों ने शहर में फ्लैग मार्च किया गया और जनता को डायल 100, डायल 101 और 101 की जगह डायल 112 के प्रति जागरूक किया।

दरअसल डायल 112 वाहन सिर्फ पुलिसिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वाहन को आपात हालात में मददगार भी साबित होंगे। इन गाडियों को वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और बॉडीवार्न कैमरे तकनीकों से लैस किया गया है। बॉडीवार्न कैमरे से घटनाएं मौके पर ही रिकॉर्ड होंगी। इसके अलावा हादसे या घटना में जख्मी को अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस एंबुलेंस



का इंतजार नहीं करेगी। वाहन स्ट्रेचर से लैस हैं। घायल को अस्पताल ले जाने के लिए इनकी सीट को आवश्यकता के हिसाब से एडजस्ट किया जा सकेगा।

**एक गाड़ी में ही मिलेगी तीन सुविधाएं :**
गाड़ियों का थानों में दिए जाने से पूर्व जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा इनकी विधिवत पूजा की गई और उसके बाद इन्हें थानों का वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डायल 112 में तीन नंबर ऐड किए गए हैं। जिसमें डायल हंड्रेड, डायल 101 एवं डायल 108 शामिल है। इन तीनों ही वाहनों को बुलाने के लिए 112 डायल करना होगा।



# अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**कलेक्टर एवं एसपी को दिया गया ज्ञापन**

**राष्ट्रीय बजरंग दल के ओजस्विनी संगठन ने की मांग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर में बढ़ते अवैध और कच्ची शराब के कारोबार को रोकथाम की मांग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के महिला संगठन ओजस्विनी द्वारा एक ज्ञापन कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा गया। गुरूवार को प्रांत महामंत्री अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष ओजस्विनी मोनिका लोधी द्वारा सौंपे गए, इस ज्ञापन में बताया गया कि आज के समय में शहर की गली-गली में कच्ची मदिरा का खुलेआम विक्रय हो रहा है। यह कारोबार प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में फल-फूल रहा है। हाल ही में शंकर कॉलोनी से भारी मात्रा में कच्ची शराब जब्त की गई थी, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने गंभीर अपराध को दबाकर मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया और दोषियों को बचाने का प्रयास किया। ज्ञापन में बताया गया कि नहर कॉलोनी, शंकर कॉलोनी और मगरदा चौराहा पर अवैध शराब विक्रय के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं। इन इलाकों में असामाजिक तत्व नशे की हालत में बहन-बेटियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिससे महिलाओं का सुरक्षित आवागमन मुश्किल हो गया है। संगठन द्वारा मांग की गई है कि जिला प्रशासन तत्काल सख्त कार्रवाई कर गली-गली फैले नशे के कारोबार पर रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस मौके पर ओजस्विनी से मोनिका लोधी, पिंकी विश्वकर्मा, पूजा विश्वकर्मा, वर्षा विश्वकर्मा, सोनम श्रीवास्तव, भारती कुशवाह, अंजू अहिरवार, सोना लोधी, स्नेहा लोधी उपस्थित रहीं। इसके अलावा प्रांत महामंत्री अनिल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष संतोष रजक, नगर अध्यक्ष दुष्यंत परिहार और प्रेम सिंह जादौन भी मौजूद रहे।

## एक नजर में



### महाराष्ट्र समाज के गणेश उत्सव में व्यंजन प्रतियोगिता में बनाए रसीले पकवान

**अशोकनगर।** स्थानीय माधव भवन में चल रहे महाराष्ट्र समाज के 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान बुधवार को समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने हाथों से पकवान बनाए, जिन्हें प्रतियोगिता में सजाया। जिनका समाज के लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। समाज के अध्यक्ष प्रमेंद्र तायडे ने बताया कि समाज की महिलाएं सामाजिक धार्मिक कार्यों के अलावा घरेलू कार्यों, रसोई में पारंगत है,और वह बच्चों को भी अपने हुनर का ज्ञान देती है, जिससे बच्चे भी उनकी कला को सीख कर तथा उनसे संस्कार लेकर संस्कारवान बनते हैं, वैसे तो समाज के लोगों को पता नहीं चलता की कौन किस कला में पारंगत है, लेकिन ऐसे उत्सवों के बहाने उनकी कला निखर कर सामने आती है, साथ ही सामाजिक मंच पर एक दूसरे से सीखने को मिलता है। समाज भी ऐसे प्रतिभावान लोगों को अपने मंच के माध्यम से सम्मानित करता है। इसके पूर्व शाम को श्री गणपति जी की पूजन,अर्चन,आरती में अभय खैर, रविंद्र बापट सहित समाज के लोगों का सहयोग रहा। इस दौरान प्रतियोगिता में भाग ले रहीं महिलाओं,बच्चों ने एक से बढ़कर एक उनकी मनपसंद रसीले स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं जिन्हें प्रतियोगिता की टेबल पर सजाया गया। प्रतियोगिता की संयोजक सोनिया लाड़, दीक्षा सुर्वे एवं आयोजक कल्पना मुरूमकर की स्मृति में पवन लाड़ थे। इस प्रतियोगिता में भारती वैध, संपदा वैध, काजल गाड़वे,दीक्षा सुर्वे, नेहा सुर्वे पल्लवी सुर्वे, मानसी जगदाले,मनीषा जगदाले ,प्रतिभा सुर्वे,आरोही नवग्रह निकिता नवग्रह पूनम जाधव,पुष्पा जाधव,संघिनी लाड़,अदिता लाड़,हर्षिता तांबे भूमिक खेर पार्थ जाधव, स्वाति जाधव वैशाली शिंदे अनन्या शिंदे राधिका मुलिक सीमा मुलिक रेशमा सुर्वे श्वेता जगदाले सुप्रिया शिंदे समृद्धि शिंदे मीनाक्षी तायड़े दिव्या मोहते मकान भंवर अभ्युदय भंवर ने भाग लिया।



### पर्यूषण पर्व पर प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चे कर रहे तत्वार्थसूत्र का वाचन

**मुंगावली।** इस समय जैन समाज के लोगों द्वारा दसलक्षण पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सुबह से भक्तों द्वारा बड़े ही भक्ति भाव के साथ अभिषेक, शांतिधारा ओर पूजन आदि की क्रियाएं सम्पन्न की जा रही है। गुरुवार को दसलक्षण पर्व के आठवें दिवस उत्तम त्याग धर्म मनाया गया, जो हमे अपने जीवन में त्याग की महिमा बताता है। हमे अपने जीवन मे परिग्रह सहित अन्य चीजों का त्याग कर इस धर्म को अपनाना चाहिए जैन धर्म में इसका अपना ही महत्व है। इस दिन जैन श्रद्धालुओं द्वारा कुछ न कुछ जरूर त्याग किया जाता है, वही नगर के आदिनाथ दिगम्बर जैन बाजार जी मंदिर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रतिदिन स्वाध्याय किया गया जा था है, जिसमें तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया जा रहा है। त्याग धर्म के दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा नगर में बन रहे भव्य मंदिर के निर्माण के लिए राशि दान की गई, स्टेशन रोड पर एक बड़ा ही भव्य मंदिर मुंगावली की जैन समाज बना रही है। वही श्री चंद्र जिनालय पर गुरुवार को शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रदीप कुमार जैन, विवेक मोदी, सुनील कुमार सुमत कुमार जैन राजपुर वाले, राजीव कुमार चुनाट्या परिवार को मिला,वही रात्रि में 48 दीपों से प्रभु की महा आराधना की जा रही है।

### इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिये निःशुल्क पंजीयन प्रक्रिया 30 तक जारी

**अशोकनगर।** राज्य में मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा । विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा हर दो वर्ष में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता ओलंपिक के सामान का आयोजन होता है।

# मौसमी बीमारियों के प्रकोप से मरीजों की लगीं कतारें

## बारिश के बाद मौसम में बदलाव से बने गंभीर हालत, लोगों में डेंगू की दहशत

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** अंचल में हाल ही के मौसम बदलाव और उमस भरी गर्मी ने रोगों का खतरा बढ़ा दिया है। अचानक बदले हुए मौसम के कारण डेंगू और वायरल बीमारियों ने कहर बरपा दिया है। गुरुवार दोपहर 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह से अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है, जिसमें खासतौर पर डेंगू के मरीजों में बढ़ोतरी देखी गई है। अंचल में बीते 10 दिनों से लगातार हो रहे मौसम में बदलाव के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। कभी तेज पानी तो कभी तीव्र धूप और उमस भरी गर्मी ने आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। इस बदलते मौसम का प्रभाव सीधे तौर पर बीमारियों के प्रकोप के रूप में देखने को मिला है।

पिछले एक सप्ताह में अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में अपने आप वृद्धि देखने को मिली है। पहले वायरल बुखार और टाइफाइड के मरीज सामान्य रूप से आए थे, लेकिन अब डेंगू के मामलों में भी वृद्धि हो रही है। डॉक्टरों



का कहना है कि इस समय खासतौर पर बच्चों और कम उम्र के व्यक्तियों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

डॉ. नाजिर पठान और डॉ. अंतरिक्ष जैन ने लोगों को जागरूक किया है कि खान-पान पर विशेष ध्यान दें, शुद्ध पानी का ही सेवन करें और घरों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि उमस भरी गर्मी से छोटे-छोटे बच्चों को दूर रखें। बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में इलाज कराएं। स्वास्थ्य विभाग ने गांव-गांव में सफाई अभियान तेज कर दिया है और लोगों को अपने घरों में मच्छर रोधी उपाय अपनाने की सलाह दी है। साथ ही अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।

### कृषकों को किया जाएगा सम्मानित

**अशोकनगर।** जिले के किसानों को अवगत कराया गया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के सर्वोत्तम जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कृषक पुरूस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में कृषकों द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीकि, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर पुरूस्कार प्रदान किये जायेगें। विकासखण्ड स्तरीय पुरूस्कार प्रति विकासखण्ड संख्या 5 पुरूस्कार दिये जायेगे।

# समाज की रक्षा के लिए हुई विहिप की स्थापना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रत्येक मोहल्ला, प्रत्येक समिति में सत्संग एवं स्थापना दिवस के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस गणेश मंदिर मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना आयोजित किया गया। जिसमें इसमें प्रांत अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी मत पंतो के संतो के नेतृत्व में जन्माष्टमी के दिन मुंबई के संदीपनी आश्रम स्वामी चिन्मानंद की उपस्थिति में परम पूज्य गुरु गोलवलकर के अथक प्रयास से विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई, हिंदू समाज के मांन् बिंदुओं की रक्षा के लिए भारत माता की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्य कर रहा



है। आज हमारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं हम सभी को समाज परिवर्तन के लिए काम करना होगा। इससे पहले हमें पंच परिवर्तन स्वयं को अमल में लाना होगा, विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह द्वारा विश्व हिंदू परिषद के कार्यों को बताया गयाद्ध जिला अध्यक्ष दिनेश जैन द्वारा कहा गया क्या हिंदू समाज को संगठित होने का समय है। वहीं कार्यक्रम को विभाग संयोजक वेदराम लोधी, जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी, सोनी समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सोनी आदि ने सबोधित किया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण

# स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार जरूरी :पाण्डेय

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** शासकीय माधव महाविद्यालय चन्देरी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वास्थ्य व राजभाषा पखवाड़ा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम क्रीड़ा अधिकारी संचिता राठौर ने कहा स्वास्थ्य एक ऐसी स्थिति है जिसमें शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ होता है न कि केवल रोग या कमजोरी से मुक्त हो। इसी तारतम्य में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संजीव राजपूत ने कहा अंकुरित मैथी के बीज डायबिटीज और हाई कोलोस्ट्रोल में फायदेमंद है वही राजभाषा की चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा




में सरकार ने साफ किया है कि संचार में हिन्दी को अनिवार्य बनाने के निर्देश जारी किया, लद्दाख़ में भी राजभाषा अधिनियम 2025 लागू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके पाण्डेय ने की उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि स्वास्थ्य के लिए हमारे जीवन में स्वस्थ्य पोषण आहार लेने की अवश्यकता होती है साथ में ही राजभाषा पर विस्तृत जानकारी छात्रों से साझा की गई। इस मौके पर डॉ. कृष्णगोपाल भार्गव, डॉ. अर्पिता तिवारी, डॉ. सबल सिंह ओहरिया आदि मौजूद रहे।

**संस्कार शिविर**

## शिविर में आज शामिल होंगे लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला, शहरवासी करेंगे आरती

# अपनी वस्तु का त्याग नहीं करना दूसरे का माल वापसी है :सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आज अपनी वस्तु का त्याग नहीं करना दूसरे का माल वापसी करना है, व्यक्ति ने अनाधीकाल से दूसरे की वस्तु को अपना मान लिया दूसरे की सम्पत्ति को अपना मान लेने से वह अपनी नहीं हो जायेगी, जो तेरी थी उसमें वे गुण इसमें नहीं है इसलिए जो तुम्हारी नहीं हैं जिस प्रकार अंगूठे के निशान एक से दिखते हैं, लेकिन उसे हम अपना मान रहे हैं वह तेरा नहीं जिस प्रकार अंगूठे के निशान एक से नहीं होत हैं, आज तक अपना ही मान लिया उसे वापस कर दिया। ऐसे संसारी प्राणी ने सभी वस्तुओं को अपना मान लिया तप करने पर उसे एहसास हुआ कि ये धन दौलत व पदार्थ मेरे नहीं है। कल तो ये राजा बनने वाले थे आज ये वनवास कैसे जा रहे हैं, आज जो जिंदा है कल मर गया,जरूर कोई दूसरा है जो जन्म मरण करा दिया, जरुर कोई दूसरा था जो राज गद्दी दे रहा था किसी ने राज गद्दी को छीन लिया, एक क्षण में सब कुछ मिटता हुआ देखते हैं कौन अपनी जिंदगी मिटती हुई देखना चाहते हैं कोई जरूर दूसरा है जो ऐसा कर रहा है। जब मेंने अपनी इच्छाओं को रोका तप की



अग्नि पर तपया तब पता लगा ये दूध है ये पानी है अग्नि में तपा ने पर पता चला कि सोना अलग है और मेल अलग है। ऐसे ही आत्मा अलग है शरीर है , तपने के बाद समझ में आयेगा उक्त आशय के उद्‌गार अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर में उत्तम त्याग धर्म पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने सुधा मय सभा मंडप स्टेशन रोड व्यक्त किए।

**कुछ नहीं करना ही आज के इस भौतिक युग में लोगों को कठिन हो रहा है :**
इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि मन वचन काय को अपने नियंत्रण में रखना बहुत सरल लगता है, लेकिन सरल रेखा को खींचना ही आज कठिन हो गया है। ड्रेस के कारण आपको पूरा शहर हाथ जोड़कर अपने घर ले जाने खड़ा है चार दिन बाद जब तुम पेंट शर्ट में तुम्हारे लिए कोई नहीं पहचानेंगे ऐसे ही जिस दिन काल आ जायेगा कोई नहीं पहचानेंगा। आज तुम यहां हो मरण करके कहा जायेगा पता नहीं है त्याग का नाम है वैराग्य, जब व्यक्ति को वैराग्य आता है सब कुछ छोड़ कर जंगल को चल देता है जिससे तुम्हारा स्वार्थ होता है उसी के लिए तुम दुखी होते हो। पहले एक निर्णय करो संसार में जो कुछ भी धन दौलत घर मकान गाड़ी घोड़ा सब कुछ मेरा नहीं है। इस संसार में मेरा कोई नहीं मैं किसी का नहीं हूं संसार तो धोके की ठाटी है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज वर्षो तक विहार कर इस संसार से लोगों को बाहर निकालते- निकालते चल गये, हमारा विमान तो बहुत छोटा है जायेंगे दो चार जो आ गया सो आ गया था, पुण्य के सब साथी पाप का कोई नहीं इस संसार की स्थिति ऐसी है। ये सब स्वार्थ के है ये संसार ऐसा ही है यहां कोई किसी का नहीं है, भौतिक युग में लोगों को कठिन हो रहा है कुछ नहीं करना गलती नहीं करना गलती करके प्रतिक्रमण किया जाता है।

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज आएंगे**
जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि दस लक्षण महा पर्व पर पहली बार नगर वासियों को परम पूज्य गुरुदेव मुनि पुगंव श्री सुधा सागर महाराज की महाआरती करने का सौभाग्य शिविर पुण्यर्जक परिवार शालू भारत संजीव श्रागर परिवार चक्रवर्ती राकेश अमरोद, चक्रवर्ती राकेश कासल परिवार के साथ शहर वासियों को महा आरती करने को सौभाग्य प्राप्त होगा। इस दौरान सभी नगरवासियों के हाथों में दीप होंगे और भीलवाड़ा से पधारे पंकज भाई की मधुर ध्वनि के साथ महाआरती होगी। इस दौरान जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में भव्य सहस्त्र कुट जिनालय की स्थापना हो रही है उसके नाम थूवोनजी अध्यक्ष अशोक टिंगू मिल महामंत्री, मनोज भैसरवास, विपिन सिंघई तक पहुंचये। कल परम पूज्य गुरुदेव मुनि पुगंव श्री सुधा सागर महाराज के दर्शन करने लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला विशेष विमान से प्रता साढ़े आठ बजे अशोकनगर पधार रहे हैं। जहां गुरु दर्शन के साथ ही इस महती सभा को संबोधित करेंगे।